तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025

12 गरीब परिवार को भवन निर्माण के लिए भेजे 2.50 लाख



12 संसदीय प्रक्रियाओं से रूबरू हुए छात्र नियम भी जाने



## खबर संक्षेप

### सरपंच प्रतिनिधि को तीन गोलियां मारी

**इसराना।** पानीपत के गांव सुताना की सरपंच रितु देवी के प्रतिनिधि उनके जेठ सोनू को तीन गोलियां मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल सोनू के पिता नरेश ने बताया कि सोनू सुबह खेत पर काम करने बाद बाइक पर घर लौट रहा था। रास्त में अश्विनी उर्फ कल्लू ने अपनी कार से टक्कर मार कर सोनू को सडक पर गिरा दिया और हत्या की नीयत से उपर फायरिंग कर दी। सोनू के पेट में दो और एक गोली पैर में लगी है। वहीं सोनू का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि गांव में एक एकड़ जमीन पर विवाद है। इसके चलते ही सोनू को गोलियां मारी गई है। वहीं आरोपी अश्वनी उर्फ कल्लू का पहले ही क्रिमिनल रिकॉर्ड है।

### किशोरी को यूपी ले जाकर दुष्कर्म किया

**पानीपत।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी युवक ने पानीपत के चांदनी बाग क्षेत्र की एक कॉलोनी की निवासी सातवीं कक्षा की छात्रा का स्कूल के बाहर से अपहरण कर लिया और उसे सहारनपुर के होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं आरोपी ने छात्रा के अश्लील फोटो-वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस की जांच में पता चला है कि करीब छह माह पहले सहारनपुर निवासी सोभान नामक युवक से छात्रा की दोस्ती इुई थी। सोभान पानीपत में छात्रा से मिला और उसे जबरन सहारनपुर ले गया।

### छात्रा को होटल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म

**इसराना।** पानीपत के मतलौडा क्षेत्र में छात्रा का साबिर और रोहन ने स्कूल के बाहर से चाकू की नोक पर अपहरण कर लिया। आरोपी, छात्रा को बाइक पर बैठाकर पानीपत के मॉडल टाउन इलाके के एक होटल में ले गए। होटल में साबिर व रोहन ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने इस घटना की जानकारी किसी को भी देने पर छात्रा को जान से मारने की धमकी दी और उसे मतलौडा अड्डे के पास छोड़ कर फरार हो गए। थाना मतलौडा पुलिस ने छात्रा की मेडिकल जांच करवाई।

### चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**समालखा।** समालखा की चुलकाना रोड पर बुधवार की रात को चलती कार में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कार थोड़ी ही देर में आग का गोला बनकर धूं धूं कर जल गई। गनीमत रही कि आग बेकाबू होने से पहले ही उसमें सवार लोग नीचे उतर गए। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

### जानलेवा हमला करने के सात आरोपी पकड़े

**समालखा।** गांव राक्सेहडा में मिठाई की दुकान व घर में घुसकर शुभम, इसकी दादी कृष्णा व चाचा मोनू पर जानलेवा हमला व तोड़फोड़ करने के आरोप में गांव राक्सेहडा निवासी रोहित, गांव चुलकाना निवासी गौरव व अनुज, समालखा की कृष्णा कॉलोनी निवासी शक्ति व समीर, शास्त्री कॉलोनी निवासी अनिल व गांव मनाना निवासी राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मुख्य आरोपी रोहित के पिता इंद्र ने अपनी कार से टक्कर मार कर राजेश व देव उर्फ गोली को चोट मारी थी।

### संगठन ने 172 बच्चों को तस्करी से मुक्त कराया

**अंबाला।** विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला युवा विकास संगठन की ओर से अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर बैठक की गई। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य परमजीत सिंह बडौला ने बताया कि एक जुलाई से 30 जुलाई तक विशेष अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला युवा विकास संगठन द्वारा अप्रैल 2024 से अब तक जिले में 172 बच्चों को तस्करी से मुक्त किया गया है।

श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के स्थापना दिवस पर सम्मेलन

# शिक्षा को मजबूत हथियार बनाकर संत रविदास के दिखाए रास्ते पर चले समाज : मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना





**मुलाना।** संत निरंजन दास महाराज से आशीर्वाद लेते मंत्री कृष्ण लाल पंवार व मौजूद संगत। फोटो : हरिभूमि

■ कैबिनेट मंत्री ने संत निरंजन दास का लिया आशीर्वाद

पंचायत एवं विकास तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार संतों व महापुरूषों का मान सम्मान कर सरकारी तौर पर उनकी जयंती समारोह मनाने का काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र के उमरी गांव में 5 एकड़ भूमि में 40 करोड़ रुपये की लागत से संत गुरू रविदास के नाम से भव्य स्थान बनाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना है ताकि वे भी देश के नवनिर्माण में अपना योगदान दें सकें। पंवार वीरवार को श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के 22वें स्थापना दिवस व अमर शहीद ब्रह्मलीन श्री श्री 108 रामानंद महाराज के 16वें शहीदी दिवस पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म स्थान सिरसगढ़ के शैड के निर्माण कार्यों के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री की ओर से 11 लाख रूपये देने की घोषणा की थी। यह राशि धर्मस्थल को प्राप्त हो चुकी है। शैड के निर्माण के लिए जो भी अन्य राशि चाहिए होगी वह मुहैया करवाई जाएगी।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा मौजूद रहें। कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ अन्य अतिथियों ने संत निरंजन दास का भी आशीर्वाद लिया। उन्होंने यह भी कहा कि आहिल्या बाई की जयंती भी हर्षोउल्लास के साथ मनाने का काम किया गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संत गुरू रविदास के जन्म स्थान, शिक्षा स्थान व अन्य तीर्थ स्थानों को भव्य बनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत प्रदेश में अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों की लगभग 2 लाख 60 हजार बेटियों को 71 हजार रूपए की राशि शगुन के तौर पर उपलब्ध करवाई गई हैं। अंबेड़कर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान की मुरम्मत के लिए 80 हजार रूपए की राशि तथा पात्र व्यक्तियों को 100-100 गज के प्लांट भी उपलब्ध करवाने का काम किया गया हैं। भाजपा सरकार का दृढ़सकंल्प है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत मनदीप दास ने साध संगत से आह्वान किया कि वे संत गुरू रविदास महाराज द्वारा बताए मार्ग पर चलें। मौके पर कर्मचंद गोल्डी, सतप्रकाश, भूपेंद्र चहल, मोनिका कालड़ा, हितैष जैन, संजीव गोयल टोनी, अमित मल, राकेश कुमार, अनिल कुमार, सुरमुख सिंह, पूर्ण सिंह के साथ-साथ संगत मौजूद रही।

### सामाजिक बुराइयों पर जमकर किए वार

पंवार ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन सर्वस्व समाज के हित के लिए लगा दिया । हमें अपने संतो व महापुरूषों के पदचिह्नों पर चलते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संतों व महापुरूषों को दिखाए गए रास्तों पर चलकर सर्व समाज के हित के लिए निरंतरता में कार्य कर रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्ष 2014 से संतों व महापुरूषों की जयंती समारोह सरकारी तौर पर मनाने का काम किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ये समारोह निरंतरता में मनाए जा रहे हैं।

# बरसाती पानी को फसलों व पशुओं के लिए करेंगे रिजर्व



**पिहोवा।** सरस्वती हैरीटेज बोर्ड हरियाणा के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि उपमंडल पिहोवा के स्योंसर जंगल मे करीब 70 एकड जगह पर सरस्वती बोर्ड व वन विभाग द्वारा रिजर्व वायर बनाया जाएगा। इसी उद्धेश्य से वीरवार को स्योंसर जंगल में विजिट की गई तथा वहां पर भूमि व जंगल का निरीक्षण किया गया। धुमन सिंह किरमच ने कहा कि स्योंसर जंगल में बरसाती पानी को रिचार्ज करके फसलों व पशु-पक्षियों के लिए रिजर्व रखा जाएगा। एक सरोवर बनाकर बरसाती पानी को रिजर्व किया जाएगा जो कई कार्यों में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त जंगल में पेड-पौधे सुरक्षित रहं।, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। समय-समय पर जंगल का निरीक्षण करके पेड़-पौधों को आब्जर्व किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जंगलों को बचाना हम सबका कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहीम एक पेड़ मां के नाम के तहत भी सभी लोगों को जहां पर भी स्थान मिले, पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। इस मौके पर डीएफओ अरविंद कौशिक, सरपंच सुखबीर इशाक, जगमाल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नशीला पदार्थ पिलाकर दो युवतियों से दुष्कर्म

■ युवती ने अपने ताऊ के लड़के पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

■ अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर जगाधरी थाना क्षेत्र में दो युवतियों के साथ दुष्कर्म करने के मामले सामने आए है। एक मामले में युवती ने अपने ताऊ के लड़के पर उसके साथ करीब एक साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। वहीं दूसरे मामले में युवक ने युवती को अपने घर बुलाकर उसे नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना शहर जगाधरी क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 28 मई 2024 को उसके परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे।

घर पर वह अकेली थी। इस दौरान उसका ताऊ का लड़का राजेश उनके घर पर आ गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी मौका पाकर उनके घर पर आता और उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर गलत काम करता।

आरोपी गत अप्रैल माह तक उसके साथ गलत काम करता रहा। परेशान होकर उसने आरोपी के बारे में परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवती को घर बुलाकर पिलाई नशीली चाय

दूसरे मामले में बूडिया थाना क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय युवती ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चुन्ना भट्टी जगाधरी निवासी शौकिन के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने 10 जुलाई 2024 को उसे मिलने के लिए अपने घर बुलाया। वह आरोपी पर विश्वास करके उसे मिलने के लिए उनके घर चली गई। इस दौरान आरोपी ने उसे चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसे होश आया तो अपने साथ हुई दरिंदगी का पता चला। उसने आरोपी का विरोध जताया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपी ने उसके साथ करीब एक साल तक दुष्कर्म किया। सज्जा व उसके पति शमशेर ने भी गलत काम में आरोपी का साथ दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# तारों से पतंग निकाली तो लगा करंट, बच्चे की मौत

■ मृतक के परिजनों ने बिजली निगम पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव धर्मकोट में बिजली की तारों में फंसे पतंग को निकालते समय करंट लगने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बिजली निगम के अधिकारियों पर लापहरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव धर्मकोट निवासी सतीश कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि दोपहर को उसका पौता 12 वर्षीय तनिष्क घर की छत पर बच्चों के साथ पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान पतंग छत के पास लगती बिजली की तारों में फंस गया। जब उसका पौता पतंग को निकालने लगा तो वह बिजली की तारों की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बूरी तरह से झुलस गया। शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने तनिष्क को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने आरोप लगाया कि यह हादसा बिजली निगम के अधिकारियों की वजह से हुआ है। उन्होंने कर्इ बार बिजली की तारों को हटाने के बार शिकायत दी। मगर उनकी शिकायत की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# डाक विभाग में डिजिटल बदलाव, कल लेनदेन बंद

**करनाल।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय (डाक विभाग) द्वारा डाक सेवाओं को और अधिक दक्ष, सुरक्षित व डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। करनाल, पानीपत और जींद जिले के सभी डाकघरों जिनमें शाखा डाकघर भी शामिल हैं , में 4 अगस्त से उन्नत एपीटी प्रणाली लागू की जाएगी। डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक पंकज मीणा ने बताया कि इस नई डिजिटल प्रणाली के सुचारु संचालन हेतु 2 अगस्त को सभी डाक सेवाएं (लेनदेन सहित) अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे डाक से संबंधित अपने कार्य पहले ही निपटा लें और इस तकनीकी बदलाव में सहयोग करें। एपीटी प्रणाली से डाकघरों में सेवा वितरण न केवल तेज़ और सटीक होगा, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव भी मिलेगा। यह परिवर्तन भविष्य में डाक विभाग को अधिक पारदर्शी और नागरिकों के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के संयोजक बने पूर्व मंत्री गोयल

■ पूरे समर्पण के साथ निभाउंगा जिम्मेदारी : असीम गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल को हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के लिए प्रदेश समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

गोयल ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि "हर घर तिरंगा" और तिरंगा यात्रा अभियान देश भक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि "हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा" प्रदेश में एक बड़ी सफलता बने। इस दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान किया। कुछ समस्याओं को लेकर उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश भी दिए। बता दें कि इस दौरान पूर्व मंत्री से विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने भी मुलाक़ात की और अपने मांगों से अवगत करवाया। इस दौरान गोयल ने बताया कि नायब सरकार की पहली प्राथमिकता जनसेवा है। कोई भी आमजन परेशान न हो और न ही अधिकारी लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कटवाएं।

उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से भी लोगों को बड़ी राहत दी जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर इस तरह के जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर इलाके के लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि जो संगठन अपनी मांगों को लेकर मिलते हैं उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाया जाता है।

## बर्फखाना में 85 साल से रह रहे परिवार ने मंत्री विज से लगाई गुहार

# जमीन खाली कराने के मामले में सख्त एक्शन

■ अनिल विज ने एसपी को मामले में जांचकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बर्फखाना जमीन पर रह रहे परिवार से जबरन घर खाली कराने के मामले में सख्त एक्शन लिया है।

परिवार की शिकायत पर उन्होंने एसपी को इस पूरे मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। विज वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। बर्फखाना जमीन पर बसे मरसेलिनो नोरोन्हा एवं उसके परिवार सदस्यों ने शिकायत देते हुए कहा कि वह पिछले करीब 85 वर्षों से यहां पर रह रहे हैं। उनका आरोप था कि कुछ लोगों द्वारा उनके मकान को जबरन डरा-धमकाकर खाली कराया गया है। परिवार ने मंत्री को बताया कि इस संबंध में उन्होंने कैंट थाने में 13 मई को शिकायत भी दी थी जोकि दर्ज नहीं हुई है। परिवार की शिकायत पर विज ने एसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवार के साथ आए शिवपुरी कॉलोनी के व्यक्ति ने मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि गत रात्रि वह नमस्ते चौक के निकट से निकल रहा था जब कुछ आरोपियों ने मामूली बहस के बाद उसपर हमला कर उसे घायल कर दिया। मामले की शिकायत उसने परिवार के साथ हाउसिंग बोर्ड चौकी पर दी। इसके बाद वह जब सिविल अस्पताल पहुंचे तब आरोपियों ने उन पर दोबारा हमला किया। मामले को लेकर मंत्री नाराज हुए और उन्होंने मौके पर मौजूद कैंट थाने एसएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि मैं अपने शहर में गुंडागर्दी नहीं होने दूंगा। उन्होंने मामले में लिप्त सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

### समस्याएं सुनीं

इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष कांसापुर में बसों के ठहराव की मांग लोगों ने की। इसी तरह बोह की गली में पाइप लाइन डालने, हरगोलाल कारखाना के निकट व्यक्ति ने एक फैक्ट्री से उसके घर में आ रहे धुंए को खत्म करने, मंडौर में खराब ट्यूबवेल के स्थान पर नया ट्यूबवेल लगाने व अन्य कई मामले आए जिन पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध क्लीनिक चलाने के दोषी को पांच साल कैद

■ अदालत ने दोषी पर 1,26,250 रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश की अदालत ने अवैध रूप से क्लीनिक चलाने के आरोपी लखविन्द्र सिंह वासी तलहेडी जिला कुरुक्षेत्र को 5 साल कारावास व 1,26,250 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

19 दिसम्बर 2016 को सिविल सर्जन कुरुक्षेत्र के आदेश पर डॉ अजीतपाल मेडीकल ऑफिसर सीएचसी पेहवा ने एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने पेहवा स्थित प्रभात क्लीनिक पर छापा मारकर लखविन्द्र सिंह को अवैध रूप से क्लीनिक चलाते हुए पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने अवैध रूप से क्लीनिक चलाने के आरोपी लखविन्द्र सिंह को दोषी करार देते हुए 3 माह कारावास व 250 रुपये जुमार्नें की सजा, जुमार्ना न भरने की सूरत में 15 दिन की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई, आईपीसी की धारा 417 के तहत 1 साल कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्नें की सजा, जुमार्ना न भरने की सूरत में 15 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 18-ए के तहत 2 साल कारावास व 20 हजार रुपये जुमार्नें की सजा, जुमार्ना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 18-सी के तहत 5 साल कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्नें की सजा, जुमार्ना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप



### विश्व हेपाटाईटिस डे पर लगाया चिकित्सा शिविर

**यमुनानगर।** आयुषग्राम आयुष्मान आरोग्य मंदिर पांजूपुर में विश्व हेपाटाईटिस डे के उपलक्ष में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सरपंच राम शरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चिकित्सा शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या राजपूत ने सभी रोगियों को डाईट चार्ट के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी को डाईट चार्ट उपलब्ध करवाए। चिकित्सा शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजनीश, डॉ. मीनू एवं आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट उज्ज्वल कुमार व ट्विंकल द्वारा गांव के 63 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गई।

### हवन कर मनाया ऊधम सिंह का बलिदान दिवस

**रादौर।** शहीद उधम सिंह कांबोज के 85वें बलिदान दिवस पर रादौर की कांबोज धर्मशाला में वीरवार को हवन यज्ञ कर आयोजन किया गया। कांबोज धर्मशाला रादौर के प्रधान वेद प्रकाश कांबोज की देखरेख में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह व हवन यज्ञ में जिला कांबोज सभा के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गुरुकुल शादीपुर के आचार्य नरेश शास्त्री ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयघोष से किया गया। इस अवसर पर जिला कांबोज सभा द्वारा गांव बहादुरपुर की मानवी कांबोज को कक्षा दसवीं में 97 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टॉप थ्री में रहने पर सम्मानित किया।

# डीएवी के खिलाड़ियों ने कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दो स्वर्ण समेत नौ पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के खिलाड़ियों ने गत दिवस अंबाला में आयोजित डीएवी नेशनल गेम्स क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदकों समेत नौ पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य रमन शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया गया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने बताया कि गत दिवस अंबाला के डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नेशनल गेम्स कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें उनके डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर की बैडमिंटन समेत अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कलस्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उनके स्कूल की लड़कियों की अंडर 14 वर्ग की टीम में शामिल देवांशी, अर्पिता एंड उनकी टीम ने रजत पदक जीता।



यमुनानगर के डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

**प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने खिलाड़ियों का स्वागत किया**

द्यिालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक गौरव धीमान व अमिता शर्मा को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन हेतु बधाई दी। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पण के कारण यह गौरव प्राप्त हुआ है।

वहीं, लड़कियों की अंडर 19 वर्ग की टीम में शामिल यामिनी, आरवी एंड उनकी टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। वहीं, लड़कों के अंडर 14 वर्ग की बैडमिंटन टीम में शामिल देवांश एंड उनकी टीम और अंडर 19 वर्ग की टीम में शामिल अक्षित, लवप्रीत व उनकी टीम ने रजत पदक जीते। जबकि लड़कियों की अंडर 19 वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता में उनके स्कूल की टीम में शामिल पलक, आरजू, सिया व उनकी टीम ने स्वर्ण पदक और लड़कियों के अंडर 17 वर्ग की टीम में शामिल श्रृति, प्रेरणा व उनकी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, लड़कों की अंडर 19 वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता में शामिल गौतम, चेतन व उनकी टीम ने वालीबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि लड़कों के अंडर 14 वर्ग की टीम में शामिल जयंत गौतम, सरताज हर्षित व उनकी टीम ने रजत पदक हासिल किया। हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी लड़कों के अंडर 17 वर्ग की टीम में शामिल अविरल, देवांश व उनकी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।

## मेयर ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया

# गुलाब नगर में 10.20 लाख रुपये से बनेंगी गलियां और नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर एक के गुलाब नगर में 10.20 लाख रुपये की लागत से गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड पार्षद रीना रस्तोगी के साथ नारियल फोड़ गलियों के निर्माण का शुभारंभ किया। उन्होंने अभियंता शाखा के अधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में सभी गलियों का निर्माण करने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि गुलाब नगर में आकाश के घर से रामकुमार के घर तक गली व नालियां, कर्मपाल के घर से पाबनी रोड तक व गुरु रविदास मंदिर से प्रभु दयाल के घर तक नालियों का निर्माण किया जाएगा। इन विकास कार्यों के लिए ग्रामीणों व पार्षद रीना रस्तोगी ने उन्हें अवगत कराया था। जिसके बाद नगर निगम द्वारा इन विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार किए गए। टेंडर अलॉट होने के बाद अब इन विकास कार्यों का निर्माण शुरू कराया गया है। गलियां बनने से गांव के लोगों की राह आसान होगी और पानी निकासी की समस्या का समाधान होगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना है। ये विकास कार्य जनता को जल निकासी की समस्या से राहत देंगे और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेंगे। गलियों व सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आसान राह मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित एजेंसियों व ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि पेयजल, पक्की गलियां, नालियां, सीवर लाइन, बिजली सभी नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताएं है। इन सभी आवश्यकताओं को पूरा कराने के लिए हम प्रयासरत है। मौके पर पूर्व पार्षद संजय राणा, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गुलाब नगर में गलियों व नालियों के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

# एडम ऑफिसर ने एनसीसी टुकड़ी की परेड का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यमुनानगर में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर एनसीसी परेड का आयोजन किया गया। जिसमें 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी एडम ऑफिसर कर्नल जितेंद्र दहिया एनसीसी टुकड़ी की परेड का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कर्नल ने एनसीसी से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों की जांच की। संस्थान के प्रधानाचार्य दीपेश महेंदूर व एनसीसी ऑफिसर कप्तान निर्मल सैनी ने एडम ऑफिसर कर्नल जितेंद्र दहिया का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद निरीक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स की परेड का अवलोकन किया। इस अवसर पर संस्थान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें क्विज कांटेस्ट, निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिताए तथा रिल कम्पटीशन शामिल रहे। साथ ही इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स को एडम ऑफिसर कर्नल व प्रधानाचार्य दीपेश महेंदूर द्वारा पुरस्कार दिया गया।



**यमुनानगर।** परेड का निरीक्षण करते एडम ऑफिसर कर्नल जितेंद्र दहिया।

### पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : सैनी

**रादौर।** सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने वीरवार को बेटे कनिक सैनी के 10 वें जन्मदिन पर क्षेत्र में पौधारोपण कर वातावरण को हरा भरा रखने का संदेश दिया। संदीप सैनी ने 10 छायादार पौधे लगाए। संदीप सैनी ने कहा कि वह पिछले नौ वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए बेटे के जन्मदिन पर औषधीय व छायादार पौधे बेटे के हाथों से लगवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, शादी, त्योहार व अन्य किसी भी शुभ अवसर पर हमें एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधे लगाना बड़े ही पुण्य का काम होता है। दूषित होते पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण ही सबसे सर्वोत्तम है। इसलिए सभी को अपने बच्चों के अपने जन्मदिवस पर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी जागरूक हो सके। पौधारोपण से केवल मानव जाति ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों का भी लाभ जुड़ा हुआ होता है।



यमुनानगर के रादौर में बेटे कनिक सैनी के जन्मदिन पर पौधारोपण करते सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी।

# मानव के चरित्र, व्यवहार और व्यक्तित्व की जड़ है मानवीय मन : भारती

- संस्थान की साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने बच्चों को बताया पौधे रोपित करने महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में मंथन प्रकल्प विषय पर बच्चों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों ने पौधारोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर बच्चों को संस्थान की ओर से पौधे भी वितरित किए गए। संस्थान की साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने बच्चों को पौधे रोपित करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। केवल बच्चों को जन्म देकर उन्हें भौतिक शिक्षा से शिक्षित करके सुख सुविधाओं के संसाधन उपलब्ध करवा देना ही माता पिता का कर्तव्य नहीं है। बल्कि उन्हें सुसंस्कारित करके एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज में प्रतिष्ठित करना ही अभिभावकों का परम कर्तव्य हैं। उन्होंने समझाया कि जैसे एक वृक्ष की जड़ को सिंचित करने मात्र से ही उसके फल, फूल, पत्ते व शाखाएं पोषित हो जाती हैं। ठीक इसी प्रकार मानवीय मन मानव के चरित्र,व्यवहार एवं व्यक्तित्व की जड़ है। भारती ने फरमाया कि आज परम पूजनीय आशुतोष महाराज के दिशा निर्देश में संस्थान ब्रह्मज्ञान के द्वारा मानव के मन को सकारात्मक एवं दिव्य विचारों से पोषित कर रहा है। पांच वर्ष से पंद्रह वर्ष की आयु तक का समय बालक के भीतर संस्कार रोपित करने का होता है। उस समय के दौरान बालक को जैसा वातावरण, संगति एवं संस्कार प्राप्त होंगे। उसी के अनुसार ही बालक का भविष्य निर्धारण होता है। आज मंथन प्रकल्प देश की भावी संतति को सुसंस्कारित करके समाज को कर्तव्यनिष्ठ एवं परोपकार की भावना से परिपूर्ण नागरिक प्रदान कर रहा है। जो आने वाले समय में आत्मिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त होंगे। हम सभी इस दिव्य एवं समाज के लिए कल्याणकारी प्रकल्प में सम्मिलित होकर पूर्ण लाभ उठा सकते हैं। कार्यशाला के अंत में उपस्थित सभी नगर निवासियों ने विश्व शांति हेतु ध्यान साधना में योगदान दिया। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने पौधे रोपित किए गए।



**यमुनानगर।** जगाधरी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित मंथन प्रकल्प कार्यशाला में वितरित किए गए पौधों को लेकर खुशी जताते हुए बच्चे।

# क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिलेगा एक लाख का पुरस्कार : डॉ. वत्स

- देशभर में 14 सितंबर को परीक्षा का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला क्रीड़ा भारती यमुनानगर के सदस्यों की बैठक वीरवार को शहर के मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में क्रीड़ा भारती के उत्तर क्षेत्र के सह संयोजक डॉ. उमेश वत्स ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुमित गोयल ने की। बैठक का संचालन जिला मंत्री अमर सिंह अलाहर ने किया। मुख्यातिथि एवं क्रीड़ा भारती के उत्तर क्षेत्र से सह संयोजक डॉ. उमेश वत्स ने बताया कि देश भर में 14 सितंबर को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए गत 19 जुलाई से रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। डॉ. वत्स ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने के इच्छुक 12 वर्ष आयु से लेकर 25 वर्ष तक कोई भी युवक पंजीकरण कर सकता है। उन्होंने बताया कि क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में 25 मिनट में 50 प्रश्न हल करने होंगे। देश भर में प्रथम आने वाले को एक लाख रुपये का चैक पुरस्कार के रुप में दिया जाएगा। वहीं, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 50 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छह परीक्षार्थियों को 25-25 हजार रुपये राशी के पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं, चतुर्थ स्थान पर रहने वाले ग्यारह परीक्षार्थियों को 11-11 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। डॉ. वत्स ने बताया कि इसी तरह राज्यस्तर पर भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को क्रीड़ा भारती की जिला कार्यकारिणी उचित पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी। पंजीकरण कराने के बाद सभी पंजीकृत परीक्षार्थियों को 14 सितंबर से पहले अभ्यास के लिए कुछ मॉक टेस्ट भी भेजे जाएंगे। स्कूलों में संपर्क करने के लिए क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा की टीमें गठित कर दी गई हैं। जिला यमुनानगर में क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा प्रमुख सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष आदित्य चावला को बनाया गया है। जिला अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय खेल उत्सव अन्तर्गत 29 अगस्त से लेकर 11 सितंबर तक राष्ट्रीय युवा चेतना दिवस तक खेल पखवाड़ा मनाया जाएगा।




**यमुनानगर।** मॉडल टाउन में आयोजित क्रीड़ा भारती की बैठक में भाग लेते हुए जिला कार्यकारिणी के सदस्य।



यमुनानगर के बीजेपी कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल का स्वागत करते जिलाध्यक्ष राजेश सपरा।

### ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने विश्व में मनवाया लोहा : कंवरपाल

**यमुनानगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपने शौर्य का पूरे विश्व में लोहा मनवाया है। पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करके भारतीय सेना ने जो परचम लहराया है उसकी पूरे विश्व में सराहना हो रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरवार को बीजेपी कार्यालय यमुना कमल में पहुंचे। जहां पर बीजेपी के जिलाध्यक्ष राजेश सपरा द्वारा उनका स्वागत किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि 1500 अप्रचलित कानूनों को समाप्त कर बिजनेस को आसान बनाया गया।

## कृषि मंत्री राणा ने पार्टी कार्यालय में की योजना की प्रशंसा

# लाडो सखी योजना देगी बेटियों को सम्मान लिंगानुपात में आएगा सुधार : राणा

### श्याम सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनीं

*कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लाडो सखी योजना महिलाओं को सम्मान देने व लिंगानुपात में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि लाडो सखी योजना के तहत प्रदेश में गर्भवती बहनों की देखभाल के लिए लाडो सखियों को लगाया जाएगा। लाडो सखी योजना के तहत हर लाडो सखी को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में लाडो सखी सहित अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए योजनाएं शुरु किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत किया है।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐसी जनहित की कई घोषणाएं करके हर वर्ग का हितैषी होने का प्रमाण दिया है। खासकर लाडो सखी योजना महिलाओं को सम्मान देने व लिंगानुपात में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि लाडो सखी योजना के तहत प्रदेश में गर्भवती बहनों की देखभाल के लिए लाडो सखियों को लगाया जाएगा। लाडो सखी योजना के तहत हर लाडो सखी को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि योजना के तहत आंगनवाड़ी को नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए बढ़ते कदम डिजिटल वॉल कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा भी की गई है। यह कार्यक्रम नन्हे बच्चों की देखभाल और शिक्षा में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का अनुसरण करते हुए लिंगानुपात सुधारने व बेटियों को उचित सम्मान देने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 131 महिला सांस्कृतिक केंद्रो का उद्घघाटन किया है।



**यमुनानगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

**लाडो सखी योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : कृषि मंत्री**

*उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत हरियाणा स्टार्टअप नीति में 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप होंगे। छोटी उम्र में उद्यमशीलता में रुचि को बढ़ाने के लिए छात्राओं को 10 हजार डू इट योरसेल्फ किट वितरित करने, महिलाओं के नेतृत्व में चलने वाले स्टार्टअप्स के लिए की नई योजना की शुरुआत करने, इस योजना के तहत महिलाओं को 50 हजार से एक लाख रुपये तक की मदद की घोषणा करने, हरियाणा की महिलाओं को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त सब्सिडी देने की भी घोषणा की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एक राशन डिपो देने की भी घोषणा की है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार वास्तव में नायाब सरकार है।*



### झुग्गी झोपड़ी वालों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की टीम ने स्नेह सेवा ट्रस्ट के साथ मिलकर गाबा अस्पताल के सामने बनी बस्ती में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान वहां के लोगों को खुले में गंदगी न फैलाने के प्रति जागरूक किया और जहां गंदगी फैली मिली उसकी सफाई कराई।

मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर वार्ड एक से सात तक मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, वार्ड आठ से 15 तक मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व वार्ड 16 से 22 तक मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने, खुले में कचरा न डालने, निगम के वाहनों में ही कचरा डालने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### वेल्यूज एजुकेशन विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में वीरवार को क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व मुख्य वक्ताओं के स्वागत के साथ किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से स्कूल परिसर में एक दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नौ स्कूलों के 60 शिक्षकों को वैल्यूज एजुकेशन विषय का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता सचदेवा व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सूचना एवं तकनीकी विभाग के निदेशक प्रोफेसर डॉ.प्रदीप कुमार मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित हुए। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन करना है, ताकि वे उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सकें। मुख्य वक्ता अमिता सचदेवा ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है।

# एचटेट : सुबह के सत्र में 5,877 और सायं के सत्र में 1,900 ने दी परीक्षा

- हरियाणा अध्यापक पात्रता की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**


कुरुक्षेत्र। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी।

गुरुवार को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा दोनों सत्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सुबह लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा के लिए जिले के 6615 आवेदकों के लिए 22 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों पर 5877 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 738 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शाम के सत्र में लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा के लिए जिले के 2243 आवेदकों के लिए 8 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों पर 1900 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 343 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इससे पहले बुधवार को 15 परीक्षा केंद्रों पर लेवल-3 (पीजीटी) के लिए आयोजित करवाई गई थी। इस परीक्षा में कुल 4569 अभ्यर्थियों में से 4028 उपस्थित रहे थे जबकि 541 अनुपस्थित रहे थे। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के तीनों लेवलों के पेपर शांतिपूर्वक ढंग से हुए। तीनों लेवलों के लिए 13,427 पात्रों ने आवेदन किया था, इनमें से 11,805 ने परीक्षा दी जबकि 1622 अनुपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त महावीर सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए सरकार की हिदायतों के अनुसार तमाम सुविधाओं का प्रबंध किया गया था ताकि परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने तथा नकल रहित सम्पन्न करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं को सुचारु रुप से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और चेकिंग के लिए फ्लाईंग स्क्वायड भी नियुक्त किए गए थे। प्रशासन की तरफ से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। इन इंतजामों के बीच परीक्षा का संचालन किया गया। इस परीक्षा के लिए बनाए गए सेंटरों के बाहर व अंदर पर्याप्त मात्रा में अधिकारी व कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। कुरुक्षेत्र में जिला में परिक्षार्थियों के लिए 22 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चोक चौबंद

नकल रहित व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने को लेकर पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के मद्देनजर हर व्यवस्था की गई है। सभी केन्द्रों पर परीक्षा पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूरी निगरानी बनाए रखी। वहीं नकल रोकने के लिए महिला परीक्षार्थियों को मंगलसूत्र को छोड़कर अन्य आभूषण पहन कर अंदर नहीं जाने दिया गया। परीक्षा में जैमर, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी की गई है।

## शहीद उधम सिंह जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर


कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा कुरुक्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर लगाया गया। 550 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व समाजसेवी प्रशांत शर्मा ने किया। शिविर में समाजसेवी एवं शिक्षक भारतेन्दु हरीश मुख्यातिथि के रूप में पधारे। दूसरा 551 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एनआईडी कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया जिसमें एनआईडी की निदेशक प्रोफेसर रमनीक कौर मजीठिया मुख्यातिथि के रूप में पधारी हुई थी। शिविर के संचालन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार का विशेष योगदान रहा। शिविर में विक्रम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 11 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया तो दूसरी और एनआईडी में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## खबर संक्षेप



### उधम सिंह शहीदी दिवस पर किया पौधरोपण

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर ईको क्लब के सदस्यों ने विद्यालय में पौधारोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि उधम सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के लाहौर से लगभग 130 मील दक्षिण में सुनाम के पिलबाद के पड़ोस में 26 दिसंबर 1899 को एक सिख परिवार में 'शेर सिंह' के रूप में हुआ था।

### उधम सिंह के बलिदान दिवस पर हुई जनसभा



कुरुक्षेत्र। आजादी आंदोलन के महान देशभक्त शहीद उद्यम सिंह के 85 वें बलिदान दिवस पर कुरुक्षेत्र की पाल गड़रिया धर्मशाला में एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने की जनसभा जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने की और जनसभा के मुख्य वक्ता कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट हरियाणा राज्य सचिव एसयूसीआई थे। सबसे पहले शहीद उद्यम सिंह की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### सडक सुरक्षा नियमों की करें पालना : भारद्वाज

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा रोड रूलस लाईफ टुलस कैंपेन चलाया गया है। इसके तहत डीएलएसए द्वारा रैडक्रॉस के सहयोग से जागरुकता रैली निकाली गई। इसके तहत लोगों को संदेश दिया गया कि सभी को सडक सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। रैली के माध्यम से लोगों को गुड स्मार्टियन लॉ भी बताए गए।

## दो घंटों में विकास कार्यों की खोली पोल, सड़कों पर 2 से 3 फीट तक भरा पानी

# राहत के साथ आफत बनी बारिश, कई जगहों पर जलभराव

- शास्त्री मार्किट, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, सहित कई जगहों पर भरा पानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**




कुरुक्षेत्र। बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाता वाहन चालक।


कुरुक्षेत्र। नए बस अड्डे में जमा बारिश का पानी।

वीरवार को आई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलवाई, वहीं कुछ लोगों के लिए बारिश आफत बन कर आई। शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। वीरवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे। वीरवार सुबह करीब 7 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर शाम चार बजे तक जारी रहा। बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। वहीं शहर के शास्त्री मार्किट, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, झांसा रोड, कुटिया वाली गली सहित कई जगहों पर जलभराव हो गया। प्रशासन लंबे समय से बारिश की तैयारी का दम भर रहा था, लेकिन पहली ही बारिश ने पोल खोल दी। शहर की कई कॉलोनियों ने जलभराव हो गया। शहर में बारिश से पहले नालों व सीवर की सफाई नहीं की गई है। बारिश से गांव की सड़कों व खाली पड़े मैदान के गड्ढों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों की परेशानी बढ़ गई। साथ ही गर्मी से निजात मिलने से आम लोग भी बारिश से खुश हैं। हालांकि ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। गुरुवार को जिले में औसतन 31 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### दो घंटे की बारिश से आधे के ज्यादा शहर जलमग्न

कुरुक्षेत्र में बारिश ने दो घंटे की झमाझम बारिश ने विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी। दो घंटे की बारिश में ही शहर का आधा से ज्यादा क्षेत्र जलमग्न हो गया। वहीं निचले इलाकों में भी 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। पानी से निकलकर जरूरी कार्यों को जाने वाले लोगों को तो परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं स्थानीय लोग भी जलभराव की समस्या से दो-चार होते नजर आए। वीरवार दोपहर 12 बजे बारिश शुरु हुई जोकि लगभग चार बजे तक लगातार जारी रही जिस कारण शहर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव होने के कारण कई वाहन पानी के बीच में ही फस गए और कई वाहन खराब हो गए। मेन बाजार में निकासी की व्यवस्था न होने के कारण नालियों का पानी भी सड़कों पर जमा हो गया। इस कारण बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को खासी परेशानी हुई। महज दो घंटे तक ही हुई बारिश में शहर तालाब बन गया। ऐसे में बारिश के बाद पानी निकासी का कोई प्रबंध न होने से लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी। पानी की निकासी के पर्याप्त इंतजाम ना होने के चलते शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गईं।

### झमाझम बारिश से खेतों में भरा पानी

*मूसलाधार बारिश ने लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई वही किसान इस बारिश को कृषि के लिए फायदेमंद बता रहें है। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों की मानें तो इससे धान की फसल को फायदा पहुंचा है। किसान मायाराम ने बताया कि धान की फसल के लिए आज की बारिश अमृत के समान है।*

### रुक-रुक कर बरसात का क्रम जारी

शाहबाद। नगर में दोपहर बाद तेज बरसात होने के कारण मौसम में बदलाव नजर आया। गर्मी होने के कारण तपस से लोगों ने ठंडक का एहसास महसूस किया। सावन मास में कई दिनों से रुक-रुक कर बरसात का क्रम जारी है। वहीं बरसात होने के कारण नगर की पुरानी समस्या जल भराव की स्थिति वैसे ही बनी हुई है। नगर पालिका प्रशासन हर वर्ष दावे तो बहुत बड़े-बड़े करता है लेकिन धरातल पर स्थिति वैसे ही बनी हुई है। जीटी रोड लाडवा पुल के नीचे भारी जल भराव होने के कारण वहां से निकलने वाले वाहनों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं दयाल नगर रेलवे पुल के नीचे अंडरपास में भी काफी जल भराव हो जाता है जिससे दयाल नगर रूपनगर की तरफ से आने वाले लोगों को शहर से लिंक टूट जाता है।

# रेहड़ी-पटरी वालों के उत्पीड़न के खिलाफ जनसंघर्ष मंच ने किया रोष प्रदर्शन

- शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस और महान हिंदी साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**




शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस और महान हिंदी साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर जन संघर्ष मंच हरियाणा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के कार्यकर्ता स्थानीय नया बस अड्डा से शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर जुलूस की शक्ल में आए और शहीद ऊधम सिंह को माल्यार्पण किया। इसके बाद बांग्ला भाषी मजदूरों और रेहड़ी-पटरी वालों के उत्पीड़न के खिलाफ डीसी ऑफिस कुरूक्षेत्र पर प्रदर्शन किया गया। आज का यह कार्यक्रम मंच के राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह व महासचिव सुदेश कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रान्तीय महासचिव कामरेड सोमनाथ ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया गया और जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन डीसी कुरुक्षेत्र के मार्फत सौंपे गये जिसे थानेसर नायब तहसीलदार संजीव कुमार ने प्राप्त किए। प्रदर्शनकारियों को मंच के राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह, महासचिव सुदेश कुमारी के अलावा मंच की वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी,निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष करनैल सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान नरेश कुमार, महासचिव सोमनाथ,एस ओ एस डी की कन्वीनर कविता विद्रोही ने भी संबोधित किया।



### सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

कुरुक्षेत्र। महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पाने से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवा लाभान्वित होंगे। इस सेंटर में युवाओं के लिए नियमित कोर्सों के साथ साथ शार्ट टर्म कोर्स भी संचालित किए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की कृष्मन सिंह सैनी ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की प्रयासों से महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए विश्वस्तरीय तकनीकों द्वारा कोर्स चलाए जाएंगे। सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि यह सेंटर क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।

# बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए मिलकर कार्रवाई करने की जरूरत

- मानव दुव्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**


कुरुक्षेत्र। एमडीडी ऑफ इंडिया की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यातिथि व अन्य।

मानव दुव्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया की पहल पर कुरुक्षेत्र में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा, बाल कल्याण समिति मेम्बर हरी सिंह और जगमोहन, रेलवे सुरक्षा बल एसएचओ बलवीर सिंह तोमर, सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार, कांस्टेबल सतीश कुमार, एसएचओ सरकारी रेलवे पुलिस विलायती सैनी, सब इंस्पेक्टर कमल कुमार, हेड कांस्टेबल पूनम रानी, मानव तस्करी निरोधक इकाई से एएसआई संजीव कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया की जिला संयोजक रितु रानी और सह संयोजक रामलाल सिरसल प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुव्यार्पार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। एमडीडी ऑफ इंडिया के कार्यकारी अधिकारी सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि अगर बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकना है तो कानूनी कार्रवाई जरूरी है। इस अवसर पर कपिल देव जेई, सतीश कुमार सिंगल, मोती लाल, खुशबू, कुसम लता शिवानी, महक, मुस्कान, सानिया और एम डी डी ऑफ इंडिया की स्पोर्ट पर्सन अंजू, सीएसडब्लू संध्या सैनी और शीतल सैनी मौजूद रही।

**कार्यक्रम** बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण और पोषण की महत्वपूर्ण दी जानकारी

# नवजात शिशुओं को 6 महीने तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए : डा. सुप्रीत नागपाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद**



कुरुक्षेत्र। बच्चों के माता-पिता को संबोधित करते डा. सुप्रीत नागपाल।

रोटरी क्लब द्वारा नागपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल गोपी विहार शाहबाद मारकंडा में डॉक्टर एच. एस. नागपाल और डॉक्टर सुप्रीत नागपाल द्वारा बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण और पोषण की महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉक्टर नागपाल ने कहा बोतल से दूध पिलाने से बचे और यदि बहुत जरूरी हो तो दूध पिलाने से पहले बोतल को 5 मिनट तक उबलते पानी में रखें और कहा कि संक्रमण से बचने के लिए दूध पिलाने के बाद फीडर धोने के बाद निप्पल कैपेन को बंद कर दें। मां का दूध बच्चों के लिए अलग होता है और इसे सही तरीके से दिया जाए और सभी बच्चे इसे अच्छी तरह सहन कर लेते है। विशेषज्ञों की सलाह के बिना माता का दूध बंद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा बच्चों को बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण करवाना चाहिए क्योंकि हमारी सरकार फ्री टीकाकरण करती है। शिशुओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए पूरक विटामिन और आयरन आवश्यक है और यह रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं। कुछ स्थितियों में कैल्शियम की भी आवश्यकता होती है। विशेषज्ञ पारिवारिक चिकित्सा की सलाह का पालन करे बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण और पोषण की जानकारी के लिए उन्हें पोस्टर भी बांटे गए रोटरी क्लब द्वारा डॉक्टर एच. एस. नागपाल और डॉक्टर सुप्रीत नागपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर डॉक्टर एस. एस. आहूजा, प्रेसिडेंट डॉ रघबीर सिंह घुम्मन, दीपक कक्कड़, दीपक गांधी और राजेश जैन के अतिरिक्त हॉस्पिटल का स्टाफ अन्य लोग मौजूद थे।

### पैदा होने के 2-3 घंटे बाद ही पिलाएं दूध

डॉक्टर सुप्रीत नागपाल ने कहा नवजात शिशुओं को 6 महीने तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए क्योंकि जन्म के तुरंत बाद दो-तीन घंटे के भीतर मां का दूध शुरू कर देना चाहिए। नवजात शिशुओं द्वारा स्तनपान करने से उन्हें जल्दी और लंबे समय पर स्तनपान मिलता है और 6 महीने के बाद दही, खिचड़ी, दलिया मूंग दाल, ओट्स, सूजी की खीर, अच्छी तरह पक्की हुई सब्जियां और फलों का रस, खाद्य पदार्थ आदि शामिल करें एक वर्ष की आयु में बच्चा वह सब कुछ खा सकता है जो वयस्क खाते है। उन्होंने कहा कि अगर टीके समय पर लिए जाएं और ठीक से संरक्षित किया जाए और बूस्टर खुराक ली जाए तो यह लगभग 90% सुरक्षित और प्रभावी होते हैं।

### पीएनबी में 34 साल की सेवाओं के बाद राय सिंह हुए सेवानिवृत



कुरुक्षेत्र। पंजाब नैशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक एवं पीएनबी आरसेटी कुरुक्षेत्र के निदेशक राय सिंह बैंक में अपनी 34 साल की नौकरी के बाद सेवानिवृति हुए। राय सिंह ने बैंक में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने कार्यशैली से बैंक और समाज में एक बहुत ही अच्छी छवि बनाईर। अपने बैंक कार्य के साथ-साथ उन्होंने ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन में रहते हुए सर्किल सेक्रेटरी से लेकर ऑल इंडिया के उप महासचिव पद को भी सुशोभित किया। इसके अतिरिक्त ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन में भी ऑल इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट के पद पर रहे। उन्होंने एसोसिएशन में रहते हुए अपने सभी कॉमरेडस के हितों की पूर्ण रुप से रक्षा की और जब जब ऑफिसर्स की जायज मांगों को मैनेजमेंट द्वारा पूरा नही किया गया तब तक उन्होंने विभिन्न सफल आंदोलनों के माध्यम से पूरा करवाया।




### मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की माननीय सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने बताया कि माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक उचित लंबित मुकदमों को एडीआर सैंटर कुरुक्षेत्र मे भेजा जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाग वसूली मामले, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे। जिन लोगो के मुकदमें विभिन्न अदालतों में चल रहे है. वे संबधित अदालत द्वारा अपने मुकदमे एडीआर सैंटर में भिजवा सकते हैं। उधर, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की माननीय सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा रोड रूलस लाईफ टुलस कैंपेन चलाया गया है, जिसके तहत डीएलएसए द्वारा रैडक्रॉस के सहयोग से जागरुकता रैली निकाली गई।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 30 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 जुलाई 2025 को आरोपी ने टोंटियां, छत का पंखा, ताले व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है।

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी मनप्रीत उर्फ मन्ना व रवि को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 जुलाई 2025 को गीता गोपाल चौक के पास से मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने उसका पर्स छीन लिया है। अब पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को काबू किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी धनवीर को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार करके वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को बरामद किया जा चुका है। परिवादी रमन कुमार ने 9 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी धनवीर व अन्य ने उसकी लेंटर तोड़ने की मशीन चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा संपन्न

**अंबाला।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-2 व 1 के तहत वीरवार को अंबाला शहर व अंबाला छावनी के 20 केंद्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दृष्टिगत जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। लेवल-2 परीक्षा के तहत प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 6106 में से 4802 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी प्रकार लेवल-1 के तहत 1758 ने परीक्षा दी।

### जनता के लिए धड़कता है सीएम का दिल

**नारायणगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हल्का के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी ने बताया कि हल्का के अनेक छोटे-बड़े कार्यों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का दिल जनता के लिए धड़कता है। वे इस क्षेत्र के विकास के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं।

### चूरापोस्त व ट्रक सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर एरिया के एनएच-152 हिसार-अंबाला पर स्थित सद्धोपुर के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी महिंद्र सिंह उर्फ मिंटू को 4 किलो 100 ग्राम चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी चूरापोस्त बरामद किया गया।

# एक घंटे की बरसात से लबालब हुई सड़कें, किसानों को मिली राहत

## जलभराव की वजह से पानी निकासी के दावों की पोल खुली, अचानक मौसम के करवट लेने के बाद शुरू हुई बरसात

मुख्य बाजारों, गलियों और चौक-चौराहों पर जगह-जगह पानी भरा इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वीरवार को अचानक मौसम ने करवट ली। घने बादलों के साथ तेज़ बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई मूसलधार बारिश ने नगर की सड़कों को जलमग्न कर दिया। मुख्य बाजारों, गलियों और चौक-चौराहों पर जगह-जगह पानी भर गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगरपालिका की ओर से बरसाती पानी की निकासी के लिए पुख़्ता व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। खासकर मुख्य बाज़ार, रेलवे रोड, राजौली रोड और अस्पताल के आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई।

- कई दुकानों के सामने पानी खड़ा हो गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ा।



बराड़ा। बरसात से रेलवे रोड हुआ लबालब।

कई दुकानों के सामने पानी खड़ा हो गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को गिरने का भी खतरा बना रहा। हालांकि इस बारिश से जहां शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर किसानों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यह बरसात धान की फसल के लिए संजीवनी साबित होगी।

गर्मी और नमी की कमी से फसल की हालत खराब होने लगी थी लेकिन अब उम्मीद है कि इस बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ जाएगी और फसल की पैदावार अच्छी होगी। किसान सतनाम सिंह, ओम प्रकाश, सोमनाथ ने बताया कि बरसात होने से खेतों में पानी खड़ा हो गया। सिंचाई के ख़र्चे में भी बचत होगी। बारिश से खेतों को काफी राहत मिली है।

नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन को जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि हर बार बारिश में यही स्थिति न बने। नागरिकों ने नगरपालिका से मांग की है कि समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए।

अन्यथा आने वाले दिनों में बारिश का पानी शहरवासियों के लिए और भी बड़ी समस्या बन सकता है। बहरहाल इस बारिश ने निकासी बंदोबस्त की पोल खोल दी वहीं किसानों को इससे भारी राहत मिली है।

# मेयर मैडम नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा

- निगम सदस्य मेघा ने किया वार
- बोली जब अफसर आपकी नहीं सुनते तो फिर पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की निगम सदस्य मेघा गोयल ने एक बार फिर मेयर शैलजा सचदेवा पर कड़ा वार किया। गोयल ने कहा के मेयर ने अब यह स्वीकार कर लिया है कि अफसर उनकी बात नहीं सुनते। उन्होंने कहा कि सत्ता में होने के बावजूद मेयर शैलजा असहाय नजर आ रही हैं। ऐसे में अब उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। जब अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं तो उन्हें अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मेयर शैलजा की कोई नहीं सुन रहा तो फिर जनता का क्या होगा। अंबाला शहर की जानता ने विश्वास के साथ शैलजा को मेयर बनाया था। मगर मेयर की आपबीती से अब साफ हो गया है कि जनता ने बेहद बड़ी भूल कर दी। गोयल ने कहा कि अंबाला शहर में सफ़ाई व्यवस्था का बेहद बुरा हाल है। सफाई को लेकर निगम की ओर से कोई भी उचित काम नहीं किया जा रहा है। सभी वार्डों में गंदगी के ढेर लगे हैं। नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई जिस से शहर में पूर्ण रूप से सफाई नहीं होती। कचरा उठाने वाली ट्रॉलियां कंडम हो चुकी है। कूड़ा न उठाए जाने पर भी ठेकेदार का बिल पास कर दिया जाता है मेघा ने कहा कि पूरे शहर में बाजारों की



मेघा गोयल।

नालिया गंदगी से अटकी पड़ी हैं। वैक्यूम सफाई करने वाले ट्रक के नीचे का ब्रश टूटा हुआ है। बिना ब्रश के रोड साफ़ कर खाना पूर्ति की जा रही है। हर महीनों बिना किसी जांच के लाखों के बिल पास कर दिया जाता है। पूरा शहर अंधेरे में डूबा है। नई स्ट्रीट लाइटों को लगवाने के वर्क आर्डर जारी होने के बावजूद स्ट्रीट लाइट नहीं लग पा रही है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट को लगवाने का श्रेय लेने के लिए भाजपा नेता आपस में लड़ रहे हैं। जबकि स्ट्रीट लाइटें बिना लगी है गारंटी से बाहर हो चुकी हैं। सफाई और स्ट्रीट लाइट को लेकर लोग बेबस नजर आ रहे हैं। आने वाले चुनाव में जनता वोट की चोट से इसका जवाब देगी।

### परिचित बनकर दो लाख रुपये की ठगी, केस दर्ज

**अंबाला।** परिचित बनकर एक व्यक्ति ने दो लाख रुपये ठग लिया। अंबाला छावनी के श्याम नगर के गुरप्रीत सिंह की शिकायत पर साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया है। गुरप्रीत ने बताया कि 14 जुलाई को सुबह लगभग 9:14 बजे उसके पिता पर एक अंतरर्राष्ट्रीय नंबर से फोन आया और उसने खुद को पिता के एक परिचित जगजीत सिंह में पहचान बताई। इसके बाद उन्होंने अनुरोध किया कि वो उनके पिता के खाते में 12 लाख रुपये की राशि भेज रहे हैं। इसके तुरंत बाद एक अन्य नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक, मुंबई का प्रतिनिधि बताया। उसने दावा किया कि विदेश से 12 लाख रुपये उनके खाते में ट्रांसफर किए गए हैं जोकि दो दिनों के भीतर उसके पिता के खाते में जमा हो जाएंगे।

# व्यापारियों के हक में सदैव खड़ा रहूंगा भाजपा नेता का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा उर्फ डीडी का भव्य स्वागत व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग के कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे जिन्होंने फूल मालाओं और गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। इस विशेष मौके पर अनाज मंडी एसोसिएशन के उपप्रधान चंद्रगुप्त मंगला, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान बंटी सिंगल एवं समाजसेवी हरिओम अग्रवाल ने भी मिलकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा की व्यापारी वर्ग देश की रीढ़ है। जब तक मेरे पास बोलने की ताकत है, तब तक मैं हर मंच पर व्यापारियों की समस्याओं को उठाता रहूंगा। पिहोवा के विकास और व्यापारिक हितों के लिए मैं हरसंभव प्रयास करता रहूंगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व्यापारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है। पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा की विकास गर्ग एक लोकप्रिय व्यापारी नेता है जो देश एवं प्रदेश के व्यापारियों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का कार्य कर रहे है।

# शहीद ऊधम सिंह की शौर्य गाथा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। शहीद ऊधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते सुभाष कलसाना, बेअंत सिंह नलवी व अन्य।

भारत माता के वीर सपूत शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धा और सम्मान के साथ उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने देशभक्ति के भाव से एकत्र होकर अमर शहीद को नमन किया। इस मौके पर विशेष तौर पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना एवं बेअंत सिंह नलवी के नेतृत्व में जनसमूह ने एकत्र होकर शहीद की शौर्यगाथा को याद किया। उपस्थित लोगों ने शहीद ऊधम सिंह द्वारा देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदान को सच्चे मन से सराहा और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह का बलिदान देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए जिस वीरता का परिचय दिया वह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करता रहेगा। श्रदंजलि देने के पश्चात सुभाष कलसाना व बेअंत सिंह नलवी ने सांसद नवीन जिंदल द्वारा शहीद की याद में भेजे गये 200 पौधे जनता में वितरित किये। इस अवसर पर रविन्द्र सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, पूर्व पार्षद बलदेव राज सेठी, पार्षद दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा, सतीश संभालखी, प्रवीन ज्ञानी, दर्शन, भावना सेठी, सोनिया मेहंदीरत्ता, प्रतिमा पंडित सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनता को न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक उचित लंबित मुकदमों को एडीआर सेंटर कुरुक्षेत्र में भेजा जाएगा इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाग वसूली मामले, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएगे।

# युवाओं में जोश और विचारधारा का नया संचार होगाः सतनाम सिंह विर्क

- हरियाणा युवा कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया को सतनाम सिंह विर्क ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



हरियाणा युवा कांग्रेस में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ जब निशित कटारिया को प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतनाम सिंह विर्क ने उनके निवास स्थान पर पहुँचकर गुलदस्ता भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। सतनाम सिंह विर्क ने इस अवसर पर कहा, निशित कटारिया जैसे ऊजार्वान और विचारशील युवा नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस की युवा इकाई को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

वे युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और कांग्रेस की विचारधारा को हर कोने तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विर्क ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने में विश्वास रखती है और यह नियुक्ति उसी सोच का प्रमाण है। उन्होंने कटारिया के नेतृत्व में युवाओं के एक सशक्त संगठन के निर्माण की उम्मीद जताई।

# जादू केवल भ्रम पैदा करना नहीं बल्कि यह एक कला हैः जादूगर शंकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जादू की दुनिया में अपना अलग नाम कमाने वाले मशहूर जादूगर सम्राट शंकरा ने वीरवार को अंबाला रोड स्थित खुशवंत पैलेस में आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनका उद्देश्य केवल लोगों का मनोरंजन करना नहीं बल्कि बच्चों और युवाओं में कल्पनाशीलता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। जादूगर शंकरा ने अपने करियर की शुरूआत और जादू की दुनिया के अनुभव मीडिया कर्मियों से सांझा करते हुए कहा कि जादू केवल भ्रम पैदा करना नहीं है बल्कि यह एक कला और विज्ञान का मेल है कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार तब रोमांचित हो उठे जब शंकर ने एक छोटा सा जादू कर्तव्य भी दिखाया जिसमें उन्होंने कागज को हवा में उड़ते हुए फूलों में बदल दिया। जादूगर शंकरा ने बताया कि शो के माध्यम से वे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,जल बचाओ व स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत जैसे अभियान के लिए संदेश दिए जाते हैं। खुशवंत पैलेस में वे 26 जुलाई से हर रोज दो शो शाम को 4 बजे व 7 बजे कर रहे हैं। इसके अलावा रविवार को तीन शो करते हैं जिनमें दोपहर एक बजे का शो शामिल है। उनके शो हमेशा सामाजिक होते हैं जिन्हें आमजन परिवार सहित आकर देख सकते हैं। इस मौके पर विजय स्टंटमैन, विशु, कमेडियन, अमर, धर्मवीर, रेखा मैजिशियन आदि मौजूद थे।

## गरीब परिवार को भवन निर्माण के लिए भेजे 2.50 लाख

# विदेश में बैठे युवाओं ने राज्य सरकार व प्रशासन को दिखाया आईना

- बरसात की वजह से घर ढहने की वजह से बेघर हो गया था परिवार, सोशल मीडिया पर वीडियो देकर विदेश में बैठे युवाओं ने घर निर्माण का उठाया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



गरीबी परिवार के रिहायशी भवन निर्माण का दृश्य।

विदेश में रहकर भी अपनी मिट्टी से जुड़े रहना कालपी गांव के युवाओं से सीखा जा सकता है। अमेरिका में रह रहे युवाओं ने गांव के एक गरीब परिवार का घर बनाने का जिम्मा उठाया है। गरीब रामपाल के घर की छत करीब एक महीने बरसात में ढह गई थी। घर के सभी कमरे कच्चे थे और गिरने की कगार पर थे। इसकी विडियो अमेरिका में बैठे युवाओं ने सोशल मीडिया पर देखी तो उनका दिल पसीज गया। अमेरिका में रह रहे बलराम, गौरव , रामफल, डिंपल, विक्रम ने आपस में बातचीत सरकार व प्रशासन को आइना दिखा दिया। युवाओं ने स्वयं मिलकर रामपाल के घर के निर्माण के लिए करीब 2.5 लाख रुपए की राशि भेजी है। इससे पीडित के पक्के घर का निर्माण शुरू हो गया है। गांव के ही रहने वाले विशाल गुर्जर,आशीष ओबराय और रवि कुमार ने बताया कि पिछले महीने बरसात में गिरे रामपाल के घर की वीडियो देखकर अमेरिका रह रहे गांव के बलराम, गौरव , रामफल, डिंपल, विक्रम ने रामपाल के घर बनाने की जिम्मेवारी ली थी। इसके लिए उन्होंने करीब 2.5 लाख रूपए भेजे है। जबकि कुछ ग्रामीणों का सहयोग भी है। रामपाल ने बताया कि बरसात के चलते घर गिरने से वह हार चुका था। वह और उसका बेटा मेहनत-मजदूरी कर परिवार के 13 सदस्यों का गुजारा कर रहे हैं। घर गिरने के बाद हालात ऐसे हो गए थे कि रामपाल को अपने पूरे परिवार के साथ एक धर्मशाला और एक दुकान में अस्थायी रूप से शरण लेनी पड़ी। प्रशासन से कोई मदद मिल नहीं थी। इसी बीच जब उसे पता चला कि गांव के ही युवा जोकि अमेरिका रह रहे है वो उसका घर बनवाना शुरू कर रहे है तो उसे लगा जैसे उसके अपने ही उसकी मदद कर रहे हैं।

### हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा मल्लौर गांव के पास हुआ। पुलिस ने भुडंगपुर के सुखदर्शन सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सुखदर्शन सिंह ने बताया कि वो खेतीबाडी का काम करता है। सुबह जब वो बाइक पर गांव जा रहा था तो इस दौरान एक कार ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। जब वो हादसे की जगह गया तो देखा कि उसके ताया का लड़का बलजीत सिंह बाइक सहित सड़क पर गिरा हुआ है, इसके बाद टक्कर मारने वाली कार में डालकर उसके सीएचसी चौड़मस्तपुर ले जाया गया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल भेज दिया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



अंबाला। युवा संसद में हिस्सेदारी करते स्कूली छात्र।

# संसदीय प्रक्रियाओं से रुबरू हुए छात्र नियम जानने का भी मिला मौका

अंबाला। अंबाला छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 में वीरवार को राष्ट्रीय युवा संसद की किशोर सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य अमन गुप्ता के निर्देशन में इस किशोर सभा का आयोजन किया गया।इसके संयोजकों संजय, नवीन व पूजा,रीनू ने इस सभा को सफल बनाया। इस सभा में कक्षा नौवीं से बाहरवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सभा के आयोजन से छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और नेतृत्व कौशल के बारे में जानने का अवसर मिला। इस आयोजन में छात्रों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपने विचार प्रस्तुत किए।प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में छात्रों को बताया कि राष्ट्रीय युवा संसद सभा में भाग लेने से छात्रों को नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद मिलती है।उनको अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है व छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और नियमों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। युवा संसद में भाग लेने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है।